हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA • M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science • PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi Tech Animation

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)

TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
Godawari eblu for Research and Training on Electric Vehicles
IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
JustAuto Solutions for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

Follow us

SWARNIMA ERA
Add more to life

# हर उम्र के लिए सुकून, हर पल एक उत्सव

ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये। सेहत, सुकून, शांति से जुड़िए।

कुछ कहती है प्रकृति
स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में "Nature Theme" पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता
रविवार, 29 मार्च 2026 | समय: शाम 4:30 बजे

सपरिवार पधारें



एक शानदार जीवन के लिए thoughtfully designed गार्डन अमेनिटीज़



### चिल्ड्रन प्ले एरिया

बच्चों के लिए बाहरी खेल उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। यह शारीरिक मजबूती, मानसिक रचनात्मकता, बेहतर नींद और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देते हैं। बाहर खेलने से बच्चों में आत्मविश्वास, प्रकृति के प्रति प्रेम, मोटापा कम होने और इम्युनिटी मजबूत होने जैसे फायदे मिलते हैं।

### जॉगिंग ट्रैक / पाथवे एन्ड ओपन जिम

सुबह की वॉक हो या खुले आसमान के नीचे वर्कआउट, यह स्पेस आपके शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करती है। नियमित एक्सरसाइज़ से फिटनेस बेहतर होती है, स्टैमिना बढ़ता है और दिनभर एनर्जी बनी रहती है, साथ ही आपको मिलता है सुकून और सकारात्मकता का एहसास।

### वाटरफॉल्स एन्ड गार्डन फॉउन्टेंस

प्रकृति के झरनों जैसा अनुभव देने वाले वॉटरफॉल्स और गार्डन फॉउन्टेंस हर पल को खास बना देते हैं। शांतिपूर्ण वातावरण, बहते पानी की मधुर आवाज मानसिक शांति देती है और बाहरी शोर-शराबे को दबाकर सुकून भरा वातावरण बनाती है। यह पक्षियों को आकर्षित करने, प्राकृतिक नमी बनाए रखने और वास्तु के अनुसार सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक होती है।

### नाइट लाइट एम्बियंस

रात के समय सजी खूबसूरत लाइटिंग पूरे गार्डन को एक जादुई माहौल में बदल देती है, जहां हर कोना सॉफ्ट रोशनी में नहाया हुआ नजर आता है। हल्की-हल्की जगमगाहट, पेड़ों और पाथवे पर पड़ती रोशनी, और शांत वातावरण मिलकर एक बेहद सुकूनभरा अनुभव देते हैं। यह एम्बियंस आपकी शामों को सिर्फ यादगार ही नहीं, बल्कि खास बना देता है

**2, 3 & 4 BHK**
Stylish Independent Bungalows

**30+ MODERN**
Lifestyle Amenities

बहते पानी की मधुर आवाज मन को शांति देती है और तनाव को कम करती है। खुले गार्डन्स और नेचुरल स्पेस शरीर को फिट और एक्टिव बनाए रखते हैं। यह वातावरण बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बेहतर विकास को बढ़ावा देता है।

*- प्रकृति एवं हरियाली पर शोध के अनुसार*

"जबसे मैंने स्वर्णिमा एरा में घर लिया है, हमारी पूरी फैमिली यहां की हरियाली को एंजॉय कर रही है। यहां हम गार्डन्स में समय बिताते हैं, ग्रीन लैंडस्केप्स में वॉक करना, सुबह ओपन जिम का उपयोग करना, और रात में वॉटरफॉल्स के बीच बैठकर बातचीत करना, ये सब हमारे मन को सुकून और शांति देता है। साथ ही, हमें बहुत स्ट्रेस-फ्री महसूस होता है।"

**कमलेश कुमार गुप्ता,** हाउस नं.- D2/166, स्वर्णिमा एरा

Conceptualized By AdPRAYAS

REGISTER YOUR INTEREST NOW

Scan this QR code for Location

Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)

For more info
**97557 93333, 97552 93333**

Rera no.
PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बाइक की आपस में भिड़ंत दो युवक की मौत



## खबर संक्षेप

### कोयला पेंशन में तत्काल संशोधन की मांग, प्रधानमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** कोयला क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में संशोधन की मांग को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन व निदेशकों के 75 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की अपील की है। प्रधानमंत्री के नाम जारी ज्ञापन में कहा गया है कि कोयला क्षेत्र के लगभग 5 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से पेंशन संशोधन का इंतजार कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के समय तय की गई पेंशन आज भी बिना किसी महंगाई समायोजन के जस की तस बनी हुई है, जिससे पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत से अधिक व्यावसायिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका है और यह राष्ट्रीय खजाने में प्रतिवर्ष 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। इसके बावजूद इस क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों को पर्याप्त पेंशन नहीं मिल पा रही है।

### हरदीबाजार में सम्मान समारोह आज

**हरदीबाजार।** प्रेसक्लब हरदीबाजार भवन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 29 मार्च को सुबह 11 बजे से 2 बजे के मध्य रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत, इंटक जिलाध्यक्ष श्यामू (खुशाल) जायसवाल, जनपद सदस्य श्रीमती सनिता अनिल टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर, डॉ विजय राठौर जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा व शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीतिक, सामाजिक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### पात्र 42 हितग्राहियों को प्रदान की गई भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र

**गेवरा दीपका।** राज्य शहरी विकास अभिकरण के अनुसार नगर पालिका परिषद दीपका में प्रधानमंत्री आवास योजना (मोर ज़मीन मोर मकान) अंतर्गत कुल 42 पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रदान की गई। शनिवार को नगर पालिका परिषद दीपका में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत एवं वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी दादा भाई, उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, पार्षद हिमांशु देवांगन, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती शांति देवी राजपूत, निशु तिवारी, इस्तेखार अली उपस्थित रहे।

### दशहरा मैदान में दक्षता परिष्कृत करने आरएसएस ने किया कार्यक्रम

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। शताब्दी वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत शाखा स्तर पर शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में ऐसे ही कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी क्षमता दिखाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को संगठन की शक्ति और उसके उद्देश्य की जानकारी मिल रही है। शताब्दी वर्ष में सभी जिलों ने विभिन्न कार्यक्रम हाथ में लिए हैं और इसके अंतर्गत क्रियान्वयन भी जा रही है। क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख गंगा राजीव के आतिथ्य में कोरबा के दशहरा मैदान डॉ राजेंद्र नगर में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर स्वयंसेवकों के द्वारा पदविन्यास, दंड युद्ध और नियुद्ध का प्रदर्शन किया गया। नगर शारीरिक शिक्षन प्रमुख शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि स्वयंसेवकों की दृढ़ता और आत्मविश्वास का परीक्षण करना इसका एक उद्देश्य है।

# ऑनलाइन अटेंडेंस से स्कूल के शिक्षक हैं दूर, केवल पंजीयन तक हुआ कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया शुरु करने का आदेश जनवरी माह में आया था पर अब तक किसी भी स्कूल में शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी है। केवल पंजीयन तक का ही कार्य किया गया है। शिक्षकों की समस्या को लेकर शिक्षक संगठनों ने राज्य शासन को अवगत भी कराया था।

शिक्षकों के स्कूलों में समय पर नहीं पहुंचने या बिना सूचना के अनुपस्थित रहने जैसी शिकायतों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जनवरी माह से शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश देते एक एप्प जारी किया था जिसे शिक्षकों को अपने मोबाइल में अपलोड करना था और उसमें स्कूल का नाम, अपना नाम दर्ज कर पंजीयन कराना था। जिले के सभी स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा पंजीयन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन मोबाइल एप्प से शिक्षकों की निजी जानकारी सार्वजनिक होने का खतरा मंडरा रहा था। उनका कहना था कि जो जानकारियां उनकी मोबाइल में मौजूद है वह सार्वजनिक होंगी। कुछ शिक्षकों ने बताया कि पंजीयन होने के बाद कई तरह के कॉल मोबाइल में आ रहे थे। जिसमें महिला शिक्षकों को व्यवहारिक परेशानियां हो रही थी। शिक्षकों की इस परेशानी को लेकर शिक्षक संगठनों ने प्रदेश सरकार को इस समस्या से अवगत कराया था। हालांकि अभी जिले में यह व्यवस्था लागू नहीं हुई है किंतु नये सत्र में ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

### जनवरी माह से शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस शुरु करने आया था निर्देश

**खास बातें**

- शिक्षक संगठनों ने राज्य शासन को समस्याओं से कराया था अवगत
- कई शिक्षक बिना अनुमति रहते हैं अनुपस्थित



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हो रहे परेशान

ऑनलाइन अटेंडेंस से महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जूझ रही हैं उन्हें भी टैबलेट दिया गया है। इस टैबलेट के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति बच्चों की दर्ज संख्या और दिनभर होने वाले टीकाकरण जैसे कार्यों को प्रतिदिन अपडेट करना होता है। शहरी क्षेत्र में यह कार्य आसानी से होता है लेकिन ग्रामीण अंचल के आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थिति विषम बनी रहती है जहां कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति भी दर्ज नहीं करा पाते हैं।

### नेटवर्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण अंचल के स्कूल

जिले के अधिकांश ग्रामीण अंचल के स्कूल नेटवर्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं। दूर दराज और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित होने के कारण स्कूलों के आसपास नेटवर्किंग की समस्या रहती है। कई बार यह स्थिति सामने आयी कि स्कूलों के शिक्षकों को मोबाइल एप्प में पंजीयन कराने के लिए किसी पहाड़ी क्षेत्र में या उंचे स्थान पर जाना पड़ता था। तब कहीं जाकर शिक्षकों का पंजीयन का काम हुआ। ऐसी तकनीकी समस्या के कारण भी ऑनलाइन अटेंडेंस का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है।

### एक ही कैंपस में पहली से 12वीं तक चलने वाले स्कूलों का किया गया चयन

# विवेकानंद के नाम से जिले के पांच स्कूल बनाए जाएंगे मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के पीएम श्री स्कूल के तर्ज पर जिले के पांच स्कूलों को मॉडल बनाने के लिए चयन किया गया है। इसके लिए एक ही कैंपस में पहली से 12वीं तक चलने वाले स्कूलों का चयन किया गया है। जिले के सभी पांचों ब्लॉक में एक एक स्कूल इसके लिए चयनित हुए हैं। नये सत्र से इन स्कूलों को अस्तित्व में लाया जाएगा। जहां सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहेंगी। स्वामी विवेकानंद के नाम से इन स्कूलों का संचालन किया जाएगा।

शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन के द्वारा प्रदेशभर के कुछ स्कूलों को मॉडल बनाने की दिशा पर कार्य शुरु किया है। इनमें कोरबा जिले के पांच स्कूल शामिल हैं। जिन्हें मॉडल बनाया जाएगा। इन स्कूलों में खेलकूद से लेकर कम्प्युटर लैब, लाईब्रेरी, प्रोजेक्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए राज्य शासन की ओर से फंड भी जारी किए जाएंगे। उक्त फंड से स्कूलों को अपडेट करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिला शिक्षा विभाग ने जिलेभर के पांच स्कूलों का मॉडल बनाने की दिशा पर कार्य शुरु कर दिया है। पहली से 12वीं तक एक ही कैंपस में चलने वाले स्कूलों का चयन किया गया है। जो पूर्णतः हिन्दी माध्यम ही रहेंगे। इन स्कूलों में विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की जाएगी। जिले में इस समय जिन स्कूलों का मॉडल स्कूल के रुप में चयन किया गया है। उसके अनुसार सभी ब्लॉक में एक एक स्कूल मॉडल बनाए जाएंगे। जिन्हें स्वामी विवेकानंद के नाम से संचालित किया जाएगा।




### पांच स्कूलों को बनाया जाएगा मॉडल

जिले के पांच स्कूलों को मॉडल बनाया जाएगा। इन स्कूलों में एक ही कैंपस में पहली से 12वीं तक चलने वाले स्कूल शामिल हैं। राज्य शासन की ओर से मांगे गये प्रस्ताव में पांच स्कूलों का नाम भेजा गया है।

- **टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### ये स्कूल बनाए जाएंगे मॉडल

जिन स्कूलों को मॉडल बनाने के लिए चयनित किया गया है। उन स्कूलों में कोरबा शहर के हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले गोपाल हायर सेकंडरी स्कूल का चयन किया गया है। इसके साथ ही पाली हाई सेकेंडरी स्कूल, पोड़ी उपरोड़ा हाई सेकेंडरी स्कूल आदि शामिल हैं। इन स्कूलों में खेल मैदान से लेकर प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। ऐसे स्कूल मॉडल बनाने के लिए चयनित हुए हैं जो नेटवर्किंग के दायरे में हैं। ताकि ऑनलाइन के दौरान किसी तरह की तकनीकी दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

### नई शिक्षा नीति के तहत होगा काम

केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत मॉडल स्कूल के रुप में पांच स्कूलों को अपडेट किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य एक ही कैंपस में पहली से लेकर 12वीं तक के छात्रों को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। शहरी और ग्रामीण स्कूलों की शिक्षा को एक रुपता दी जाएगी। वर्तमान में जिले में 15 स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम संचालित है।

# चलती मोटरसाइकिल में चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले 6 पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना चौकी स्तर पर लगातार सघन अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी स्टेशन रोड में चाकू लहराकर आमजन में भय एवं अशांति फैलाने की घटना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। 19 मार्च को कुछ युवकों द्वारा चलती मोटरसाइकिल में चाकू लहराते हुए आम नागरिकों को भयभीत करने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली में 25 मार्च को धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 184, 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने घटना कारित करना स्वीकार किया। जांच में कुल 6 व्यक्ति संलिप्त पाए गए, जिनमें से 1 वयस्क आरोपी राहुल यादव उम्र 27 वर्ष निवासी कुंजनगर नवधा चौक, थाना कोतवाली, जिला कोरबा तथा 5 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है। वयस्क आरोपी राहुल यादव को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, वहीं 5 विधि से संघर्षरत बालकों को विधिक प्रावधानों के तहत किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# खदानों में 126.7 मिलियन टन कोल स्टॉक, पर डिस्पैच में पिछड़ी कोलइंडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया के सामने अब उत्पादन नहीं, बल्कि डिस्पैच सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। चालू वित्त वर्ष में 742.77 मिलियन टन कोयले का उत्पादन करने के बावजूद कंपनी 722.88 मिलियन टन ही डिस्पैच कर सकी। कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों में कोयले का कुल स्टॉक बढ़कर 126.70 मिलियन टन पहुंच गया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 102.33 मिलियन टन था, यानी महज एक वर्ष में करीब 24 मिलियन टन कोयला अतिरिक्त जमा हो गया। कोल इंडिया के ताजा आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि अब चुनौती उत्पादन बढ़ाने की नहीं, बल्कि प्रभावी डिस्पैच और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन की है। खासकर बीसीसीएल, सीसीएल व इसीएल जैसी कंपनियों में बढ़ता स्टॉक इस बात का प्रमाण है कि यदि परिवहन और आपूर्ति प्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो उत्पादन बढ़ने के बावजूद इसका पूरा लाभ अर्थव्यवस्था को नहीं मिल पायेगा। उत्पादन और डिस्पैच के बीच करीब 24 मिलियन टन का अंतर साफ संकेत देता है कि कंपनी की आपूर्ति और परिवहन प्रणाली दबाव में है। रेलवे रैक की कमी, लॉजिस्टिक्स बाधाएं और मांग-आपूर्ति के असंतुलन के कारण खदानों में कोयले का अंबार लग रहा है। कंपनियों में असमान स्टॉक में एमसीएल टॉप पर है, एमसीएल में 44.03 एमटी, एसइसीएल में 24.10 एमटी, सीसीएल में 17.65 एमटी, इसीएल में 11.64 एमटी, बीसीसीएल में 8.86 एमटी है।

# हादसे में पूर्व जपं उपाध्यक्ष सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना अंतर्गत भैसमा-उरगा मुख्य मार्ग पर ग्राम कुकरीचोली स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को सड़क हादसा हो गया। कोयला लदे तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कोरबा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष विक्की कंवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**खास बात**

- ट्रेलर ने बाइक सवारों को चपेट में लिया

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर तेज गति में था और अचानक अनियंत्रित होकर बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। समय रहते मदद मिलने से घायलों को तत्काल उपचार मिल सका। इधर हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



ट्रेलर की चपेट में आया बाइक।

### राधाकृष्ण महिला समिति बालकोनगर के हैं सभी तीर्थ यात्री


# पूर्व महापौर रेणु ने 40 तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने शनिवार को प्रातः 11 बजे कोरबा रेलवे स्टेशन से 40 तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राधाकृष्ण महिला समिति परसाभांठा बाल्को नगर द्वारा आयोजित तीर्थयात्रा दल को विधिवत रूप से रवाना किया गया। इस अवसर पर कोरबा निगम की पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर 40 श्रद्धालुओं के दल को वृंदावन धाम एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों की पावन यात्रा हेतु प्रस्थान कराया गया। यह तीर्थयात्रा भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली वृंदावन सहित आसपास के अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के दर्शन एवं आध्यात्मिक अनुभूति के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर रेणु अग्रवाल ने सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार करे। उन्होंने कामना की कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा पूर्ण कर पुनः अपने घर लौटें तथा अपने अनुभवों से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करें। राधाकृष्ण महिला समिति द्वारा इस आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक आस्था एवं एकजुटता को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास किया गया है। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा की सफलता की कामना की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व जिलाध्यक्ष सपना चौहान, पार्षदों में रवि चंदेल, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, बद्रिकिरण, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, रामगोपाल यादव, मनीष शर्मा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एफ डी मानिकपुरी, रवि खूंटे, गणेश दस महंत, जवाहर निर्मलकर, गिरधारीलाल बरेठ, संसद प्रतिनिधि महेंद्र थवाईत, बनवारी पाहुजा, सुनील निर्मलकर, शहजाद खान, टेकराम श्रीवास, सांता मांडवी, लक्ष्मी मरकाम, शालू पनरिया, माधुरी ध्रुव आदि तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाये देने के लिए अपने मित्रों सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे।




तीर्थ यात्रियों को रवाना करते पूर्व महापौर व अन्य।



### मार्ग हुआ जर्जर मंडराने लगा खतरा

**बालको।** बेलाकछार मुख्यमार्ग जर्जर होने से खतरा बना हुआ है। ग्राम बेलाकछार बालकों में वार्ड क्रमांक 12 के मुख्य सड़क की हालत काफी खराब है मार्ग पर छोटे बच्चों से लेकर आम जनों का आगमन होता है। मार्ग पर वाहनों का दबाव ही बना रहता है जर्जर सड़क में वाहनों का भारी दबाव से हादसों का खतरा बना रहता है। इस संबंध में सरपंच, पंच सहित जनप्रतिनिधिगण के अवगत कराने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी लिखकर अपलोड करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी लिखकर वायरल कर दिया गया है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सिरगिट्टी थाना जाकर पोस्ट पर आपत्ती जताते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस अभय की रिपोर्ट पर इंस्टाग्राम आईडी धारक अफजल अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 299, 351, 3, 353, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### एसी कापर पाइप चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसी कापर पाइप चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका गुलाबनगर निवासी पूजा उर्फ प्रिंसी देवांगन ने रिपोर्ट लिखाई। वह 26 मार्च को अपनी ब्यूटी हैवन यूनिसैक्स सेलून में ताला लगाकर घर चली गई थीं। 27 मर्चा को दोपहर 12 बजे शाप नम्बर 64 के संचालक शुभम जायसवाल ने उन्हें फोन कर बताया कि दोनों के दुकान में लगे एसी का कापर पाइप चोरी हो गई है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गानगर लिंगियाडीह निवासी पूरन नेताम पिता नंदू नेताम 24 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने दुकानों से एसी का कापर पाइप चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से कापर पाइप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### कुत्ते को मारने के बाद युवक ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** नशे में कुत्ते को मारने के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मोपका विवेकानंद कालोनी निवासी वीर भोई पिता मधुकर भोई ने बताया, राजीव रजक के पिता की मृत्यु हो गई है। उसकी मां उसे छोड़कर चली गई है। उनकी मां ने राजीव रजक को मुंहबोला भाई बनाकर रखा था। शुक्रवार की रात में वह नशे में आया और गली में कुत्ते को जमकर पीटा। उसकी मां ने उसे घर नहीं आने दिया। कुछ देर बाद वह दरवाजा से कूदकर अंदर आया और मां से खाना मांगा और शनिवार को कमाने खाने इलाहाबाद जाने की बात कहकर कमरे में चला गया। देर रात उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### हत्या करने की कोशिश पति को 5 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने चरित्र शंका पर पत्नी पर हंसिया से जानलेवा हमला कर हत्या करने की कोशिश करने वाले पति को 5 साल कैद की सजा सुनाई है। तखतपुर निवासी दानेश्वरी ठाकुर की शादी तखतपुर वार्ड क्रमांक 1 चुलघट रोड निवासी लोमश सिंह उर्फ छोटे पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद सिंह से हुई थी। शादी के बाद लोमश सिंह अपनी पत्नी पर चरित्र शंका कर मारपीट करने लगा। 5 मार्च 2024 को उसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। आक्रोशित होकर लोमश सिंह ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए हंसिया से सिर व पेट में जान लेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर पति को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 28 मार्च को एकादश अपर सत्र न्यायाधीश विजेन्द्र सोनवानी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी लामेश सिंह को धारा 307 में 5 साल कैद 500 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

बीमार कर रही है यही ठंडी बर्फ, खिलाई जा रही कमर्शियल उपयोग वाली बर्फ | जूस सेंटरों, गन्ना रस दुकान, लस्सी की दुकानों में इनका बड़े पैमाने में उपयोग

# जिले में 30 से अधिक आइस फैक्ट्री, किसी के पास लाइसेंस तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी बढ़ने के साथ ही बर्फ का उपयोग बढ़ गया है। जूस सेंटरों, गन्ना रस दुकान, लस्सी की दुकानों में इनका बड़े पैमाने में उपयोग हो रहा है। लोग बर्फ की चुस्कियां ले रहे हैं लेकिन यह किसी को पता नहीं रहता कि यह बर्फ खाने योग्य है या नहीं। कई जगह अमानक बर्फ का उपयोग किया जा रहा है। यह लोगों की सेहत के लिए घातक हो सकता है।

जिले सहित शहर में 30 से अधिक आइस फैक्ट्री हैं लेकिन किसी के पास लाइसेंस तक नहीं है। यहां बड़े स्तर पर बर्फ की सिल्ली बनाई जाती हैं और यही बर्फ बाजार में खूब बिक रहा है। शीतल पदार्थ में इस्तेमाल होने वाली बर्फ की खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभी तक जांच नहीं शुरू की गई। जिस वजह से आशंका है कि शहर में अमानक बर्फ की खपत धड़ल्ले से हो रही है।


सरकारी जमीन पर बनी है फैक्ट्री, मशीन भी मछली विभाग ने लगवाई, लीज पर दिया गया
फैक्ट्री में खुद लिखा- यहां का बर्फ खाने योग्य नहीं, उसी की सप्लाई जिले भर में, रोजाना हजार क्विंटल की बिक्री

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

बर्फ फैक्ट्रियों में बर्फ जमाने के लिए उपयोग किए जा रहे जल की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। दरअसल कुछ फैक्ट्रियों में बोरिंग के पानी से बर्फ बनाई जा रही है। यह पेयजल के मानक को पूरा नहीं करता है। एक-दो फैक्ट्रियों में ही नगर निगम से आपूर्ति हो रहे जल का उपयोग बर्फ बनाने में हो रहा है।बिलासपुर में देखा जाए तो तोरवा, जगमल चौक, तिफरा, सरकंडा इलाकों में बर्फ बनाने की फैक्ट्रियां है। इसमें ज्यादातर फैक्ट्रियां अखाद्य बर्फ का निर्माण करती हैं। इसकी कीमत कम होती है। इसलिए मुनाफा बढ़ाने के लिए ठेले, होटल वाले ये बर्फ खरीद लेते हैं।

### शीतलपेय पदार्थों में हो रहा उपयोग

शीतलपेय पदार्थों में तरावट बढ़ाने के लिए मिलाई जा रही बर्फ 5-7 रुपए किलो बाजार में उपलब्ध है। कंपनी गार्डन के सामने गन्ने का रस बेचने वाले प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वह रोजाना 10 किलो बर्फ की सिल्ली लेकर आता है। यह दिनभर में उपयोग में लिया जाता है। उसने किफायती दामों में मिल जाता है।

### सेवन से बीमारियों की आशंका

इधर दूषित बर्फ के सेवन से लोगों की सेहत खराब होने का डर बना हुआ है। जिमेदार विभाग द्वारा न तो बाजार में बिकने वाले और न ही फैक्ट्री में बनने वाले बर्फ की जांच की जा रही जबकि बर्फ फैक्ट्री से ठेलों, होटलों तक में बर्फ की आपूर्ति की जा रही है। बर्फ के गोले, कुल्फी में अखाद्य बर्फ का उपयोग हो रहा है। बिना लाइसेंस की फैक्ट्री में बनने वाले बर्फ की गणवत्ता की जांच नहीं होती।

### गंदगी के कारण इंफेक्शन का खतरा

इधर विशेषज्ञों और डॉक्टरों का दावा है कि इन फैक्ट्रियों में तापमान कम रहने की वजह से पानी में इकोलाई बैक्टीरिया मिलता है। तेजी से पीलिया फैलने के पीछे ऐसी बर्फ के गोले और शर्बत भी बड़ी वजह है। इन फैक्ट्रियों गंदगी के कारण इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है। जंग लगे सांचे से इंफेक्शन होता है। पीलिया यानी हेपेटाइटिस-ए, ई ऐसे ही दूषित पानी से फैलता है।

### जांच की जा रही है

बाजार में आने वाला बर्फ सही है कि नहीं उसकी जांच की जा रही है। साथ ही आइस फैक्ट्री संचालकों को खाने योग्य बर्फ को पूरी तरह से सफेद और अन्य कामों में उपयोग आने वाली बर्फ में नीला रंग डालने कहा गया है, इससे मानक व अमानक बर्फ का पता चल सकेगा और शहरवासियों को सही बर्फ उपलब्ध हो सकेगा।

**-आरआर देवांगन**, अभिहित अधिकारी

अनावश्यक वितरण पर रोक, वाहनों को ही मिलेगा ईंधन

# पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर प्रशासन की सख्त निगरानी उद्योगों को रिकार्ड के आधार पर ही मिलेगा डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेट्रोल डीजल संकट को लेकर लगातार उड़ती अफवाहों को रोकने और लोगों को सुचारू रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अब प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील बुनियादी सेवाओं के अतिरिक्त किसी भी उद्योग को डीजल की आपूर्ति नहीं करेंगे। विशेष परिस्थितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) या तहसीलदार की अनुमति के बाद ही आपूर्ति की जा सकेगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए भी नियम निर्धारित किए गए हैं। पेट्रोल-डीजल का वितरण अब केवल वाहनों में ही किया जाएगा, किसी अन्य पात्र में ईंधन देने पर प्रतिबंध रहेगा। कृषि उपयोग, जनरेटर एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए डीजल आपूर्ति पूर्व खपत के औसत के आधार पर की जाएगी, जिसका पृथक रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा।

- **अवैध परिवहन व कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पेट्रोल पंप परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की जाएगी। अवैध परिवहन या कालाबाजारी की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जांच दल का गठन किया गया है, जो जिलेभर में सतत निगरानी एवं निरीक्षण करेगा। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा सभी संबंधितों को इसका कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के परिपालन में लागू किया गया है।


कलेक्टोरेट मंथन सभाकक्ष में पेट्रोल-डीजल संचालकों की बैठक लेते कलेक्टर।

### कलेक्टर, एसपी व तेल कंपनियों को दिए गए निर्देश




पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के मद्देनजर संभाग कमिश्नर सुनीज जैन व आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा शनिवा को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं तेल कंपनियों के अधिकारियों, डीलरों, वितरकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बिलासपुर सहित पूरे संभाग में इन वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। वर्तमान परिस्थितियों में अफवाहों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आमजन तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी समय पर पहुंचाई जाए तथा सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक खबरों की सतत निगरानी रखते हुए तत्काल खंडन किया जाए।

**कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत संभागीय कमिश्नर सुनील जैन ने पेट्रोल-डीजल, गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी तरह पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरतने कहा है। संभाग कमिश्नर श्री जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह दैनिक स्टॉक की निगरानी कर वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में गैस और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी श्री गर्ग ने भी निर्देश दिए हैं कि सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। गैस सिलेंडरों एवं पेट्रोल-डीजल के परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाए तथा अवैध रूप से कंटेनरों में ईंधन बिक्री पर रोक लगाई जाए। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने संभाग में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता बताई है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से जारी होने की बात कही है। संभाग कमिश्नर व आईजी ने सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करते हुए आमजन को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित

पश्चिम एशियाई संकट के चलते संभावित आपूर्ति व्यवधान को देखते हुए राज्य शासन ने घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नागरिकों की सहायता के लिए आपातकालीन नंबर 18002333663 जारी किया गया है जिस पर कॉल कर गैस एवं ईंधन आपूर्ति संबंधी जानकारी और मदद प्राप्त की सकती है। यह नियंत्रण कक्ष खाद्य विभाग के संचालन में कार्य करेगा। शासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में उक्त नंबर पर संपर्क करें।

### ओटीपी आने के कई दिनों बाद डिलीवरी

शासन- प्रशासन के तमाम दावों के बाद भी रसोई गैस सिलेंडर को लेकर लोगों के बीच समस्या बनी हुई है। यह समस्या उत्पन्न होने के बाद शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों बाद बुकिंग की व्यवस्था थी जिसे बढ़ाकर 35 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 42 दिनों बाद बुकिंग हो रही है। इस तरह आनलाइन गैस रिफलिंग बुक करने वालों के मोबाईल पर ओटीपी भी आ जा रहा है तो उसके बाद भी गैस सिलेंडर होम डिलीवरी कई दिनों बाद की जा रही है।


गिरफ्तार आरोपी।

## रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा वन परिक्षेत्र के कुरदर रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने के मामले विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार को सूचना मिली कि कोटा वन परिक्षेत्र के बेलगहना रेंज अंतर्गत ईको जोहार रिसार्ट कुरदर में चीतल का मांस पकाया जा रहा है। सूचना मिलते ही कोटा के उप वन मंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। अधिकारियों के आदेश पर वन विभाग बेलगहना परिक्षेत्र के सहायक शिवकुमार पैकरा, बीएफओ संतकुमार वाकरे, पंकज साहू, सोमप्रकाश जयसिंधु, सावन यादव, वन विकास निगम के रेंजर रवि जगत, डिप्टी रेंजर अरविंद बंजारे, नंदकिशोर सहित अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां से पका हुआ मांस और उसे काटने पकाने वाले आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों ने बताया कि वे जंगल से चीतल को पकड़कर लाए थे, जिसे काटकर पकाने के बाद खाने वाले थे। वन विभाग की टीम ने आरोपी केंवची निवासी रामकुमार टोप्पो पिता धनेश्वर टोप्पो 39 साल, कुरदर निवासी जनक राम बैगा पिता अमर सिंह 30 साल, देवसिंह बैगा पिता बजरू, राजेश पिता देवसिंह, लखन सिंह पिता सुकरू राम 26 साल, बरसठी जौनपुर उत्तरप्रदेश निवासी रजनीश सिंह पिता स्व. मुक्तेश्वर सिंह 32 साल को गिरफ्तार किया।

आरोपियों से पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 1, 2, 3, 44, 50, 41 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### युवक के जेब में फटा मोबाइल, हाथ- पैर जला

**बिलासपुर।** सेंट्रल लाइब्रेरी के पास दोस्तों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे एक युवक के जेब में रखा मोबाइल जलकर फट गया, जिससे युवक का हाथ व पैर जल गया है। प्राथमिक इलाज के बाद युवक की छुट्टी कर दी गई है। शनिवार को रामेश्वर कश्यप नामक युवक दोस्तों के साथ सरकण्डा सेंट्रल लाइब्रेरी के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रामेश्वर के जेब में रखा मोबाइल से धुंआ निकलने लगा और वह फट गया। मोबाइल निकालने के दौरान उनका हाथ व पैर जल गया है। आनन फानन में दोस्तों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया जाता है स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली लिथियम आयन बैटरियां कभी कभी अधिक गर्म होने या क्षतिग्रस्त होने पर ब्लास्ट कर सकती है।



## आपातकालीन सेवा डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब, पेट्रोलिंग गाड़ी से लिया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में चलने वाली आपात कालीन सेवा डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब होकर खड़ी हो गई हैं। पेट्रोलिंग गाड़ी से इवेंट पर काम लिया जा रहा है। बताया जा रहा है रायपुर में डायल 112 की नई गाड़ियां आ गई हैं। जल्द ही गाड़ी उपलब्ध होने की संभावना जताई जा रही है।

4 सितंबर 2018 में आपातकालीन सेवा के लिए डायल 112 की जिले में 23 गाड़ियां उपलब्ध कराई गई थी। समरे से 3 गाड़ी जीपीएम जिला में संचालित हो रही थी। शेष 20 गाड़ियां बिलासपुर जिले में चल रही थीं। पिछले 8 सालों में यह गाड़ियां आपातकालीन सेवा के लिए 24 घण्टे दौड़ रही थीं। नियमानुसार एक गाड़ी को 2.50 लाख किलो मीटर चलना रहता है, किन्तु जिले में चल रही सभी डायल 112 की गाड़ियां 2.50 किलो मीटर से अधिक चल गई हैं और खराब होकर खड़ी हो गई हैं। जिले में एक भी डायल 112 की गाड़ी नहीं चल रही हैं। जिससे पुलिस विभाग के द्वारा थानों में चलने वाली दो पेट्रोलिंग गाड़ी में से एक पेट्रोलिंग गाड़ी से डायल 112 का काम लिया जा रहा है। डायल 112 की गाड़ी की मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टी को उपलब्ध करा दिया गया है। डायल 112 में इवेंट आने पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर आहतों को सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

### रायपुर में आई नई गाड़ियां

खबर है कि पूरे प्रदेश में डायल 112 की गाड़ियां क्षमता से अधिक चलने के कारण खराब होकर खड़ी हो गई हैं। सभी जिलों से डायल 112 की नई गाड़ियों की मांग की गई है। बताया जाता है रायपुर में डायल 112 की नई गाड़ियां आ गई हैं। आवश्यकता के अनुसार जिलों में डायल 112 की गाड़ियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। बहरहाल बिलासपुर जिले में एक भी डायल 112 की गाड़ी उपलब्ध नहीं हुआ है।

### जल्द मिल जाएगी गाड़ी

डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब होकर बंद हो गई हैं। पेट्रोलिंग गाड़ी से इवेंट मिलने पर काम लिया जा रहा है। इससे कोई भी इवेंट प्रभावित नहीं हो रहा है। जिले के लिए 23 से 24 नए डायल 112 गाड़ी मांग करते हुए प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय रायपुर को भेजा गया है। जल्द ही डायल 112 की नई गाड़ी उपलब्ध हो जाएगी।

**-मधुलिका सिंह,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

## देशभर से आए खिलाड़ियों ने दंगल कुश्ती में दिखाया अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत सरगुजा जिले में कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। सरगुजा को खेलो इंडिया के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिला। इस दौरान गांधी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 30 राज्यों के 144 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में जीतने वाले खलाड़ी अब फाइनल मुकाबले के लिए चयनित हुए है।

बता दें कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के चौथे दिन सरगुजा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुरुआत के साथ ही पहले दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। युवा पहलवानों ने अपनी तकनीक एवं रणनीति का जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन एवं महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार ने विभिन्न पड़ाव में जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह बनाई। इसी प्रकार फ्रीस्टाइल सीनियर में 125 किलोग्राम भारवर्ग में तेलंगाना के बनोथ विनोदकुमार एवं महाराष्ट्र के विनोद यशवंत सलकार विजेता रहे, जिनके बीच आगे फ़ाइनल मुकाबला होगा। ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में गुजरात के वसावा मुकेशभाई एवं झारखंड के अंजीतकर मुंडा तथा 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार एवं जम्मू कश्मीर के शमा हुन के बीच आगे फ़ाइनल मुकाबले होंगे। विभिन्न राउंड में विजेता रहीं महिला सीनियर 50 किलोग्राम भारवर्ग में झारखण्ड की पूनम ओरांव एवं तेलंगाना की के.गीता के बीच फाइनल मुकाबले होंगे।

महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में असम की देबी दैमारी एवं हिमाचल की प्रियंका चौधरी के बीच फाइनल मुकाबला होगा।



कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरुष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद इलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का इलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी इलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### मुख्य मार्ग पर तलवार लहराकर दहशत बनाने वाला गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। पामगढ़ थाना क्षेत्र के ससहा मेन रोड में तलवार लहराकर दहशत बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया है। पामगढ़ पुलिस को 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ससहा मेन रोड मे एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार को लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी ससहा निवासी गुरूदेव निषाद को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबध कर आरोपी को न्यायिक रिमांण्ड पर भेज दिया है।

### अनाचार का फरार आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। अनाचार करने के मामले में आरोपी को नोएडा से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम पिसौद का है। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम पिसौद निवासी अजय कुमार यादव उम्र 25 वर्ष द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर 28 दिसबर 2025 की रात्रि में भगा ले गया था। मामले में जांजगीर पुलिस ने अपराध कायम किया। अपहरण के मामले की गंभीरता को देखते हुए जांजगीर पुलिस द्वारा आरोपी एवं अपहता की लगातार पातासाजी की जा रही थी इसी कड़ी में दिल्ली नोएडा में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल जाकर आरोपी अजय यादव के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया । आरोपी से पूछताछ करने पर अपहता को बहला फुसलाकर, शादी करने का झांसा देकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढा पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। अवैध महुआ शराब के साथ सक्ती रेंज की आबकारी पुलिस ने देवरमाल में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। आबकारी वृत्त सक्ती को मुखबिर से सूचना मिली कि देवरमाल निवासी शराब विक्रेता तिलेश्वर चौहान पिता चमार सिंह के द्वारा अपने घर में महुआ शराब को विक्रय करने के लिए रखा है। टीम ने तिलेश्वर चौहान के घर दबिश देकर 1 पीले प्लास्टिक जरिकेन में भरा 5 लीटर और 1 हरी प्लास्टिक बोतल में भरा 2 लीटर कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद किया।

### टीईटी, एवं पदोन्नति नियम, युक्तियुक्तकरण सहित अन्य मांगों पर हुई चर्चा

# शिक्षा मंत्री से शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

राज्य में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षामंत्री से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान टीईटी, नई भर्ती एवं पदोन्नति नियम, युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों की समस्याएं और विभागीय परीक्षाओं को लेकर गंभीरता से बात रखी गई। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि टीईटी को लेकर शिक्षकों में काफी चिंता है। उन्होंने मांग की कि आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए, वहीं जिन शिक्षकों के लिए यह अनिवार्य है, उनके लिए सरल विभागीय परीक्षा का विकल्प उपलब्ध कराया जाए ताकि वे मानसिक दबाव से मुक्त हो सकें। इस पर शिक्षामंत्री ने आश्वासन दिया कि किसी भी शिक्षक के हितों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा और संतुलित समाधान निकाला जाएगा। संघ ने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रारूप में एलबी संवर्ग के शिक्षकों के साथ पक्षपात हो रहा है और कुछ वर्गों को विशेष लाभ देने की कोशिश की जा रही है। इस पर शिक्षामंत्री ने प्रतिनिधियों से विस्तृत सुझाव मांगे और भरोसा दिलाया कि सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए संशोधन किया जाएगा। इसके अलावा युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों को राहत देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। शिक्षामंत्री ने अधिकारियों को इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे प्रभावित शिक्षकों को जल्द राहत मिल सके। इस मुलाकात का नेतृत्व वीरेंद्र दुबे ने किया, जबकि भवदीप दुबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को विस्तार से रखा।

# एसईसीएल की वादाखिलाफी से परेशान किसान ने दी आंदोलन चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि और मकानों का मुआवजा न मिलने से प्रभावित ग्रामीण अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं ग्राम हरदीबाजार निवासी किसान विनय कुमार राठौर ने जिला कलेक्टर और एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनके पिछले बकाये का भुगतान नहीं हुआ तो वे अपनी अन्य संपत्तियों का सर्वे नहीं होने देंगे ।

#### खास बातें

- मुआवजा नहीं मिला तो हरदीबाजार में नहीं होगा सर्वे और नापी
- एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार का मामला

किसान विनय कुमार राठौर ने बताया कि ग्राम सुवाभोड़ी और ग्राम मलगांव में उनकी भूमि और मकानों का अधिग्रहण एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा किया जा चुका है। सर्वे और नापी की प्रक्रिया पूरी हुए 4 साल बीत चुके हैं लेकिन अब तक मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। पीड़ित किसान के अनुसार उन्होंने पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन और महाप्रबंधक कार्यालय में कई बार गुहार लगाई लेकिन वहां उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। आवेदन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि सुवाभोड़ी और मलगांव का मुआवजा तत्काल नहीं दिया गया तो वे ग्राम हरदीबाजार स्थित अपनी अन्य भूमि और संपत्तियों का सर्वे/नापी कार्य रोक देंगे इसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। विज्ञप्ति के माध्यम से पीड़ित ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है उन्होंने कहा कि एक तरफ विकास के नाम पर जमीनें ली जा रही हैं वहीं दूसरी तरफ किसान अपने ही हक के पैसे के लिए कार्यालयों की धूल फांकने को मजबूर है। इस मामले की प्रतियां अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल बिलासपुर, तहसीलदार हरदीबाजार और महाप्रबंधक खनन को भी प्रेषित की गई हैं ताकि शीघ्र अति शीघ्र न्याय मिल सके। अब देखना यह है कि चेतावनी के बाद किसान की समस्या का समाधान होता है कि नहीं।

### उतरदा में हुआ जवारा विसर्जन, उमड़ा जनसैलाब

**कोरबा।** उतरदा ग्राम पंचायत में चैत नवरात्रि के अवसर पर स्थापित ज्योत-जवारा का विसर्जन अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे पंचायत क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालु गाजे-बाजे और माता रानी के जयकारों के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। विसर्जन के दौरान महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी, सभी ने भाव-विभोर होकर माता रानी को विदाई दी। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और नृत्य के साथ निकली यह शोभायात्रा पूरे गांव में आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीन सुंदर सिंह मरावी, मनमोहन सिंह राठौर, विष्णु कुमार यादव सहित पंचायत के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने माँ सिद्धिदात्री का लिया आशीर्वाद

**बांकीमोंगरा।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महानवमी के दिन बांकीमोंगरा क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने मां सिद्धिदात्री मंदिर पहुँचकर माँ दुर्गा के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। नगर पालिका अध्यक्ष जब मंदिर परिसर पहुँचे, तो वहां मौजूद श्रद्धालुओं और समिति के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मां सिद्धिदात्री मंदिर महिला समिति की सदस्यों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि माँ सिद्धिदात्री सभी को सुख, शांति और सिद्धि प्रदान करें।

**न्यायालयः- श्रीमान सुनील कुमार नन्दे, तृतीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार नोटिस**

प्रोसेस कमांक 306/2026
क्लेम प्रकरण क्रमांक 126/2026
पेशी तिथि 07.04.2026

श्रीमती विमला तिवारी वगैरह ...........आवेदकगण
बनाम
निलेश कुमार तिवारी वगैरह .....अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदिका श्रीमती विमला तिवारी वगैरह के द्वारा दुर्घटना दिनांक 15.05.2025 के संबंध में आवेदन पत्र अंतर्गत घारा 166 मोटरयान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति की रकम 17,00,000/- (सत्रह लाख रूपये) अनावेदकगण से वसूली हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 07.04.2026 नियत है। अतः अनावेदक क्रमांक 02 श्री सुखविंदर कौर पिता अजीत सिंह निवासी 176/2 पॉवर हाउस रोड, टी.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छ.ग. उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07.04.2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। नोट- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 28.03.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सुनील कुमार नन्दे)
तृतीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला कोरबा (छग)

VACANCY NOTICE
ST. VINCENT PALLOTTI SCHOOL, KORBA
(Affiliated to CBSE, New Delhi)
Podibahar, Ravi Shankar Shukla Nagar, Korba (C.G.) Mob: 8463097907
E-mail: svpspodibahar@gmail.com

| POST | Qualification |
| --- | --- |
| PGT :- English,Chemistry, Commerce | M.A. /M.Sc /M.Com, B.Ed with 3 to 5 years of experience. |
| TGT:- English, Maths, Science | B.A. /M.A. /B.Sc. /M.Sc.,B.Ed with 3 to 5 years of experience. |
| PPRT & PRT :- All Subjects | B.A./B.Sc./B.Com, NTT/D.El.Ed with 1 to 3 years of experience. |
| Counselor, Music Teacher, IT Support Staff | M.A./MCA/BCA with related Professional Degree. |

Candidates must be fluent in English; qualified as per the CBSE norms and experienced in relevant field may apply along with essential testimonials within 10 days.
PRINCIPAL

स्वदेशी खादी महोत्सव
29 मार्च से 17 मई 2026 तक
का आज भव्य शुभारंभ





भारतीय पारंपरिक वस्त्र परिधानों एवं हस्तशिल्प कलाओं का अनुपम संग्रह
स्पेशल अट्रैक्शन / तकरीबन एक लाख वैरायटी
बिहार का भागलपुर ड्रेस | बंगाली काथासिल्क साड़ी | वाराणसी सिल्क मटेरियल साड़ी
सहारनपुर फर्निचर, | पोलकी की ज्वेलरी, | मेरठ की खादी कुर्ते एवं बेडशीट,
असम मुगा सिल्क | राजस्थानी चुन्नी दुपट्टा | एवं कंजूमर की ढेर सारी वैरायटी
स्थानः ओपन थियेटर (चौपाटी) घण्टाघर चौक, निहारिका, कोरबा
आयोजक : स्वदेशी खादी महोत्सव , प्रायोजक : शुभ वेंचर



TRIMURTY PUBLIC SCHOOL
Affiliation No. : 3330188
CBSE AFFILIATED ENGLISH MEDIUM (DAY CUM RESIDENTIAL) SCHOOL
tps.sargoan@gmail.com



ALLEN ONLINE
FOUNDATION CLASSES (6TH TO 10TH)
JEE & NEET (CLASSES 11TH TO 12TH
EXPERIENCE EXCEPTIONAL SCHOOL EDUCATION
STEP INTO A BRIGHT FUTURE WITH TRIMURTY PUBLIC SCHOOL
NURSERY TO GRADE XII
ADMISSIONS OPEN 2026-27
HEAD OFFICE: BILASPUR RAIPUR HIGHWAY, PATHARIYA TURN SARGAON DIST-MUNGELI (C.G.) CONTACT US:- +91 9755380108, +91 9685536109
CITY OFFICE: AMBE PLAZA OPPOSITE NEW BUS STAND TIFRA, BILASPUR (C.G.) CONTACT US:- +91 9202712113, +91 7610365130

## खबर संक्षेप



### सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी ने शुरु किया निःशुल्क प्याऊ

**कोरबा।** सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में प्रथम निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांतवना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री वर्गीस ने बताया कि यह संस्था द्वारा शुरू किया गया पहला प्याऊ है और आने वाले समय में चार अन्य स्थानों पर भी निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। इस निःशुल्क प्याऊ सेवा से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। संस्था द्वारा पानी की स्वच्छता एवं नियमित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं एवं समाज सेवा के इस कार्य में सहयोग करें।

### भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित होते ही संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। घोषित सूची के आंकड़ों पर नजर डालें तो 65 में से 40 पदाधिकारी केवल कोरबा विधानसभा क्षेत्र से शामिल किए गए हैं। इसके मुकाबले पाली-तानाखार विधानसभा से सिर्फ 3, रामपुर से 9, कटघोरा से 13, महिलाओं को स्थान मिला है। संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतना बड़ा जिला होने के बावजूद कार्यकारिणी एक ही क्षेत्र तक सीमित नजर आ रही है, जिससे दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में असंतोष बढ़ रहा है। पाली-तानाखार और रामपुर दोनों ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां आदिवासी मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। पाली-तानाखार में वर्तमान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक है। जबकि रामपुर में कांग्रेस का कब्जा है राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जहां संगठन कमजोर है, वहीं प्रतिनिधित्व कम देना रणनीतिक भूल साबित हो सकती है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को साधने की मानी जा रही है। संगठन के भीतर यह भी चर्चा है कि यदि जल्द संतुलन नहीं बनाया गया तो इसका असर आने वाले चुनावों में दिखाई दे सकता है। जिला महामंत्री पद पर नियुक्त अनसूईया राठौर को लेकर भी संगठन के भीतर फुसफुसाहट तेज है। बताया जा रहा है कि वे पहले भाजपा चुनाव के दौरान सक्रिय भूमिका में नहीं थीं। ऐसे में सीधे महत्वपूर्ण पद मिलना कई पुराने कार्यकर्ताओं को रास नहीं आ रहा।

### कोयला उपभोक्ताओं के लिए विशेष कैश डिस्काउंट ऑफर

**कोरबा।** एसईसीएल ने कोयला उपभोक्ताओं के लिए कैश डिस्काउंट ऑफर के तहत ई-नीलामी की घोषणा की है। यह ई-नीलामी 31 मार्च और 2 अप्रैल को होगी। पहले दिन 8,80,350 टन व दूसरे दिन 7,97,200 टन का ऑक्शन होगा। नीलामी कोल इंडिया ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के तहत रोड और रेल मोड में की जायेगी। एसईसीएल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार इस ई-नीलामी में कुल 16,77,550 टन कोयला ऑफर किया गया है। इसमें खरीदारों को लिफ्टिंग मात्रा के आधार पर 600 रुपया प्रति टन तक कैश डिस्काउंट का लाभ मिलेगा। कंपनी की इस घोषणा से कोयला उपभोक्ताओं, व्यापारियों और उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है। कंपनी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर दर पर कोयला उपलब्ध कराना और बाजार में आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाये रखना है। एसईसीएल की यह ई-नीलामी खासकर उन उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद मानी जा रही है जो नियमित कोयला आपूर्ति पर निर्भर हैं। रोड और रेल, दोनों मोड में कोयला उपलब्ध होने से विभिन्न क्षेत्रों के खरीदारों को सुविधा मिलेगी। इससे उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को परिवहन के विकल्प भी आसानी से मिल सकेंगे। कंपनी ने इच्छुक उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर ई-नीलामी में भाग लेकर इस विशेष कैश डिस्काउंट ऑफर का लाभ उठायें।

# निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य : दुदावत

## बैठक में ठेकेदारों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास अंतर्गत स्वीकृत स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े भवन निर्माण तथा अन्य अधोसंरचना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कई माह बीतने के बाद भी अनेक स्थानों के कार्यों में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि अतिरिक्त मजदूर लगाकर निर्धारित समय में कार्य पूरा किया जाए। समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होने पर आवश्यक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।



में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीडब्ल्यूडी के ईई जीआर जांगड़े, एसडीओ तथा सब-इंजीनियरों की उपस्थिति में जिला खनिज न्यास अंतर्गत स्वीकृत स्वास्थ्य विभाग के लगभग 30 निर्माणाधीन भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न स्थानों में कार्य ले चुके ठेकेदारों को निर्देशित किया कि कार्य लेने के बाद अनावश्यक लेटलतीफ़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए इन्हें समय पर पूरा करना आवश्यक है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं तथा कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्टर ने कहा कि ठेकेदारों के बिल भुगतान या भवन निर्माण संबंधी किसी भी समस्या के बारे में अवगत कराएं, ताकि उनका निराकरण शीघ्र किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बोर एवं टाइल्स लगाया जाना अनिवार्य है। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालपुर, माचाडोली, अमलीकुंडा, सेमरा, चाकाबुड़ा सहित अन्य स्थानों के भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए ठेकेदारों को अतिरिक्त मजदूर लगाकर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही चिर्रा–श्यांग मार्ग की भी समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।

## रायगढ़ से सड़क मार्ग होते चार बजे पहुंचे कोरबा

# पहुंचे बागेश्वर सरकार, हनुमंत कथा सुनने उमड़ा जन समुदाय

## तीन बजे से लोग बाबा का कर रहे थे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा ब्लॉक के ग्राम ढपढप में शनिवार से शुरु हुई बागेश्वरधाम सरकार की हनुमंत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में जन समुदाय कथा स्थल में उमड़ पड़ा। रायगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए बागेश्वर सरकार कोरबा पहुंचे। शाम 4 बजे से कथा शुरु हुई जबकि जनसमुदाय दोपहर 3 बजे से ही कथा स्थल पहुंच चुका था।

जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप में आज से शुरू हो रही पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर रायगढ़ जिले के जिंदल एयरपोर्ट पर प्राइवेट जेट से पहुंचे, जहां आयोजकों और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष, फूल-मालाओं और भक्तिमय उत्साह के बीच शास्त्री जी का स्वागत हुआ। इसके बाद उनका वाहनों का काफिला रायगढ़ से कोरबा के लिए रवाना हो गया। ढपढप की पावन धरा पर होने जा रही यह दिव्य हनुमंत कथा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था,



हनुमंत कथा सुनाते धीरेंद्र महाराज।



उपस्थित श्रद्धालुगण।

सनातन चेतना और भक्ति के महापर्व का स्वरूप ले चुकी है। शास्त्री जी के आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बन गया है। बीते एक पखवाड़े से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार की हनुमंत कथा की तैयारी चल रही थी। एक दिन पूर्व शुक्रवार को 11 हजार महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई थी। शनिवार को दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन किया गया था। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार का आगमन सड़क मार्ग से होने के कारण देरी से हुआ लेकिन उनके इंतजार में जन समुदाय दोपहर 3 बजे से ही कथा स्थल पर उमड़ गया था। जैसे ही धीरेंद्र शास्त्री मंच पर पहुंचे कथा स्थल जयश्री राम के नारों से गूंज उठा।

### कुसमुंडा में धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा



कुसमुंडा क्षेत्र में प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मां कुष्मांडा दाई सेवा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद, कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा गेवरा बस्ती स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कबीर चौक, गायत्री मंदिर चौक होते हुए आदर्श नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम तक पहुंची। यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष रूप से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान श्रीराम से संबंधित अन्य मनोहारी झांकियों ने भी सभी का मन मोह लिया। भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर महिलाएं, पुरुष एवं युवा वर्ग नाचते-गाते हुए पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम का समापन आदर्श नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम में हुआ, जहां एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन किया गया और भव्य आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता नजर आया।

# पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ जिला जेल में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



जेल के अंदर हवन अनुष्ठान करते कैदी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण एवं मार्गदर्शन में रामनवमी को प्रातः 9 बजे जिला जेल में गायत्री परिजनों द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया गया। इस यज्ञ द्वारा दिव्य आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने तथा बंदियों के हृदय में मानवीय मूल्यों की प्रबल संभावनाओं को जागृत करने के उद्देश्य से यज्ञ भगवान को विशेष आहुतियां दी गई। साथ ही भगवान राम के अवतरण दिवस अर्थात रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान राम के निमित्त विशेष आहुति भी प्रदान की गई। गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी कमलेश मिश्रा, राजकुमार देवांगन, मुकेश अदलखा, व्हीके यादव, मनहरण यादव, जेके शांडिल्य, टेकराम यादव, नीलेश प्रजापति, एके वर्मा एवं देव साहू शामिल रहे। जेल अधीक्षक अमितेश कुमार साहू ने कहा कि आज के इस यज्ञ की पुष्पांजलि के रूप में अपनी एक बुराई को त्याग कर उसके स्थान पर एक अच्छाई ग्रहण करते हैं तो यह सबसे बड़ी देव दक्षिणा होगी क्योंकि अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर जिला संयोजक राजकुमार देवांगन ने महापुरुषों, संतों की जीवनी का उदाहरण देते हुए अपने जीवन को सन्मार्ग एवं कल्याणकारी मार्ग पर प्रेरित करने हेतु निवेदन किया। इन आहुतियां के प्रभाव से आस पास के क्षेत्र में दिव्य वातावरण निर्मित हुआ तथा सभी बंदियों को विशेष प्रेरणा मिली। गीत, संगीत एवं भजन के साथ संपन्न किये गए कर्मकांड से प्रेरित होकर कई लोगों ने सत्पथ पर चलने का संकल्प लिया।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267, 7049267780

# बाइक की आपस में भिड़ंत दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो मोटरसायकल की आमने सामने से टक्कर हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हुए। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के ग्राम हरेठी का रहने वाला 35 वर्षीय मनोज केवट एक बच्चे को बाइक में बैठाकर रिश्तेदार के यहां आ रहा था। वही नकटीडीह निवासी 20 वर्षीय पीयूष कुमार अपने बाइक में एक बालक की बैठकर पास के गांव करन्नौद घूमने जाने निकला था। रास्ते में ग्राम दुरपा में तेज रफ्तार बाइक की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ वही बाइक से सभी छिटक कर दूर जा गिरे। दोनों बाइक चालक मनोज और पीयूष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक के पीछे बैठे दोनों बच्चों को मामूली चोट आई है। जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची दोनो मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिवरीनारायण पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।



हादसे के बाद सड़क पर पड़ी बाइक तथा युवक की लाश।

### खाद्य आपूर्ति एवं परिवहन की निगरानी हेतु टीम गठित

**कोरबा।** आवश्यक वस्तुओं, विशिष्ट केरोसिन तथा डीज़ल पेट्रोल के सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों, सुझावों तथा आवश्यक जानकारी का संकलन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खाद्य निरीक्षक, पारस सोनी, खाद्य निरीक्षक रवि कुमार यादव, खाद्य निरीक्षक सुरेश लांजी, खाद्य निरीक्षक नवीन तिवारी, सहायक प्रबंधक तथा पंकज कुमार अग्रवाल, लिपिक दैनिक वेतनभोगी, खाद्य शाखा कोरबा शामिल हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पेट्रोलियम गैस और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई वीसी समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिले से कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पश्चिम एशियाई संकट के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में पेट्रोलियम गैस और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आम जनता को आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

केंद्र सरकार के पेट्रोलियम गैस मंत्रालय द्वारा 28 फरवरी के बाद उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 8 मार्च को नया एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर जारी किया गया है। इसके तहत घरेलू गैस की उपलब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू क्षेत्र में शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। औद्योगिक इकाइयों पर लगा प्रतिबंध भी 27 मार्च से हटा लिया गया है। प्रदेश स्तर पर खाद्य विभाग ने संचालक की अध्यक्षता में एक राज्य नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। किसी भी सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता के आधार पर गैस आवंटन तय किया गया है, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को सौ प्रतिशत प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक एलपीजी की कालाबाजारी की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए मार्च माह में अब तक 335 स्थानों पर छापे मारे गए हैं, जिनमें अनियमितता के 75 प्रकरण दर्ज कर 3,841 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। इन कार्यवाहियों में 97 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने समस्त कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिलों में पेट्रोल और डीजल की दैनिक आवक, वितरण और स्टॉक की नियमित समीक्षा करें। इसके साथ ही जिलों में नियंत्रण कक्ष के गठन, नियमित पुलिस गश्त और भ्रामक जानकारियों को नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रदेश में पीएनजी पाइपलाइन और सीएनजी स्टेशनों के विस्तार का कार्य भी तेजी से प्रचलित है, जिसके लिए विभिन्न अधिकृत संस्थाओं द्वारा अधोसंरचना विकास किया जा रहा है। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने आगामी खरीफ सीजन के लिए उर्वरक प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर भी जिलों से अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए।

**खास बात**

- अब तक 97 लोगों के विरुद्ध हुई है एफआईआर की कार्यवाही।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS, MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रैटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411